तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 मुलमुला, धनपुर, ईरागांव, तोड़सी, भंडारसिवनी एवं कुल्हाड़ गांव ...





11 सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण




## खबर संक्षेप



### अभाविप बस्तर ने छात्रावास में फांसी लगाई विद्यार्थी के जांच की मांग

**जगदलपुर।** अभाविप बस्तर के कार्यकर्ताओं ने शासकीय प्रयास आवासीय छात्रवास में आत्महत्या किए विद्यार्थी की तत्काल जांच की मांग और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर कार्यालय में घण्टों प्रदर्शन किया। साथ ही कलेक्टर के उचित कार्रवाई के लिए मांग पत्र सौपा। प्रदेश सहमंत्री एवं बस्तर जिला संयोजक शैलेष ध्रुव ने बताया कि यह एक बहुत दुखद घटना है। शहर से लगे धुरगुड़ा के प्रयास आवासीय विद्यालय में सोमवार को 9वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इससे विधालय में डर का वातावरण बना हुआ है। जानकारी के अनुसार छात्र अपने जिले का टॉपर विद्यार्थी था। छानबीन के दौरान एक सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें कई महीनों से मानसिक रूप से परेशान होने का उल्लेख किया गया है। तत्काल प्रभाव से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है अन्यथा निर्दोष विद्यार्थी को न्याय दिलाने के लिए सैंकड़ों की संख्या में परिषद के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन प्रदर्शन के लिए निर्भर होंगे। इस दौरान परिवेद, विवेकमंडल, अश्विन पिल्ले, अचिंत्य, दीपक, मुकेश अन्य अभाविप के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नक्सलियों ने एनएच को किया बाधित

**जगदलपुर/कोंटा।** बीजापुर हाईवे में माओवादियों ने पेड़ काटकर मार्ग बाधित कर दिया है। वही दूसरी ओर कोंटा के दरभागुड़ा और आसिरगुड़ा के मध्य नक्सलियों ने एक बस और दो ट्रक को जला दिया। मार्ग में आवाजाही करने वालों में दहशत व्याप्त है। वहीं हाईवे में भारी मात्रा में नक्सली बैनर लगाकर पर्चे फेंके गए है। आवागमन बाधित होने से यात्री बसों के पहिए थम गए है। जानकारी के मुताबिक बुधवार देर शाम माओवादियों ने बीजापुर व भैरमगढ़ के बीच बेलचर गांव के करीब पेड़ काटकर आवागमन बाधित कर दिया है। मार्ग बाधित होने से दंतेवाड़ा से बीजापुर व बीजापुर से जगदलपुर व बीजापुर की ओर चलने वाली यात्री बसों के पहिए थम गए है। इस मार्ग से यात्रा करने वालों में दहशत देखा जा रहा है। मार्ग बाधित होने से यात्रा करने वाले यात्री भैरमगढ़ व बीजापुर में फंसे हुए है। नेशनल हाईवे 63 में आवागमन बाधित होने की खबर की पुष्टि करते हुए एसपी बीजापुर अंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि मौके पर पुलिस पार्टी रवाना किया गया है जल्द आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने बड़ी संख्या में पाम्पलेट व बैनर भी छोड़ रखा है हालाकिं इन पोस्टरों में किया लिखा है, इसका पता नहीं लग सका है।

### महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत मुसुरपुट्टा में 19 दिसंबर को शाम साढ़े 4 बजें पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए महुआ शराब बेचते हुए एक महिला को पकड़ा, जिसके कब्जे से साढ़े 3 लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर ने बताया था कि आरोपी मुसुरपुट्टा निवासी राधिका महिलांगे पिता रधुरराम द्वारा हाथ भट्टी से शराब बनाकर बेचा जाता है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी महिला के घर दबिश दिया और आरोपी महिला के धर परछी में रखा हुआ साढ़े 3 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 350 रूपएं और नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# संभाग की 7 मंडियों की टीम ने 27.17 लाख का अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासन के धान खरीदी शुरू होने के चलते बस्तर संभाग के मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। इसके चलते मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी की टीम ने 50 दिन में बस्तर संभाग के 7 मंडी क्षेत्र में 19 प्रकरण दर्ज किए। इसमें से 27 लाख 17 हजार 345 रुपए के 1502 क्विंवटल अवैध धान 9 वाहनों के साथ जब्त किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि उपज मंडी क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के लिए अवैध धान का परिवहन रोकने की टीम गठित की गई है। टीम ने एक नवंबर से 20 दिसंबर तक यानि 50 दिन में जगदलपुर मंडी ने 3 प्रकरण में 3 वाहनों से 2 लाख 72 हजार रुपए का 136 क्विंटल अवैध धान जब्त किया। कोंडागांव मंडी क्षेत्र में 5 प्रकरण 5 वाहनों के साथ 18 लाख 87 हजार 300 रुपए का 1048.50 क्विंटल, केशकाल मंडी में 5 प्रकरण पर एक लाख 86 हजार रुपए का 108 क्विंटल, कांकेर मंडी में एक प्रकरण पर 38 हजार 400 रुपए का 24 क्विंटल, संबलपुर मंडी में दो प्रकरण पर एक लाख 51 हजार 200 रुपए का 84 क्विंटल, पंखाजुर मंडी में एक प्रकरण पर 70 हजार 845 रुपए का 28.40 क्विंटल एवं कोंटा मंडी में दो प्रकरण पर एक वाहन से एक लाख 11 हजार 600 रुपए का 74 क्विंटल अवैध धान मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के अनुसार जब्त की कार्यवाही की गई।

## मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने जुटी रही टीम

टीम ने जब्त अवैध धान को क्षेत्र की मंडी को सौंपा



### सर्चिंग में अवैध धान रोकें

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक श्रीनिवास मंगम ने बताया कि 11 मंडियों के सचिव एवं निरीक्षकों को निर्देश दिया कि सर्चिंग में अवैध धान का परिवहन रोकें।



## मुठभेड़ : 5-6 नक्सलियों को गोली लगने की खबर, जवान सुरक्षित

# कोतापल्ली के जंगल में माओवादियों से मुठभेड़ के बाद हथियार छोड़ भागे नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोंटा

सुकमा जिले के चिंतलनार थाना क्षेत्र में बुधवार को नक्सल आपरेशन पर निकली संयुक्त फोर्स व नक्सलियों के बीच 1 घंटे से अधिक फायरिंग होती रही। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने भारी मात्रा में विस्फोटक व हथियार बरामद किया है। जिस तरह से नक्सली हथियार छोड़कर भागे और मौके पर मिले खुन के धब्बे से उससे कयास लगाया जा रहा है कि 5-6 नक्सलियों को गोली लगी है, जिन्हे साथी नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।

■ डीआरजी ,बस्तर फाइटर्स व कोबरा की सयुंक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़

आईजी सुदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार को नक्सल अभियान के लिए डीआरजी, बस्तर फाइटर्स व कोबरा 201 बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल ऑपरेशन के रवाना किया गया था। पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली थी कि थाना चिंतलनार क्षेत्र के ग्राम नागाराम एवं कोत्तापल्ली के जंगलों में नागाराम एलओएस के नक्सलियों की मौजूदगी है, जिसके बाद आपरेशन लांच किया गया था। इस दौरान नक्सलियों व सुरक्षाबलों के जवानों के बीच कोत्तापल्ली व नागाराम के जंगलों में मुठभेड़ हुआ। जवानों को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल का आड़ लेकर भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने खुन के धब्बे के अलावा दो बंदूक व भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है। घिसटने के निशान व खून के धब्बे से 5-6 नक्सलियों को गोली लगने की संभावना है, जिसे साथी नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे। मुठभेड़ के बाद सयुंक्त सुरक्षाबल द्वारा इलाके में लगातार सर्चिंग की जा रही है। आईजी ने कहा कि टीम के वापस लौटने पर विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। जवान सुरक्षित है और इलाके की सर्चिंग कर रहे है।



### भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने नक्सलियों को ढेरे को ध्वस्त कर दिया। ढेरे से भारी मात्रा में विस्फोटक भी बरामद किया गया है। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही एडीजी नक्सल अभियान विवेकानंद सिन्हा ने सुकमा जिले के बेदरे स्थित सीआरपीएफ कैम्प में जवानों से मुलाकात कर अभियान की समीक्षा कर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन की रणनीति बनाई थी, जिसके परिणाम स्वरूप जवानों ने माओवादियों के खिलाफ आपरेशन चलाकर नक्सलियों को खदड़ने में कामयाब रहे।

### नक्सलियों ने पिकअप को किया आग के हवाले

इधर मंगलवार देर शाम माओवादियों ने जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के कमरगुड़ा गांव के करीब डीजल छोड़कर आ रहे पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया। आगजनी का शिकार पिकअप वाहन नकुलनार गांव की बताई जा रही है। हालांकि अधिकारियों ने आगजनी की पुष्टि नहीं की है, बावजूद इलाके में सर्चिंग लगातार जारी है।

## धान की गुणवत्ता और नमी यंत्र से मापी गई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बीते दिन जगदलपुर विकासखण्ड के अंतर्गत वनांचल इलाके में स्थित पुसपाल धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर धान खरीदी हेतु किसानों को टोकन की उपलब्धता एवं उनके धान का समय पर तौल सहित धान खरीदी केन्द्र में बारदाने की व्यवस्था इत्यादि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान की गुणवत्ता देखने के साथ ही नमी मापक यंत्र से धान में नमी की मात्रा का जांच भी करवाया। कलेक्टर विजय ने धान खरीदी केन्द्र के लिए निर्धारित बफर लिमिट से अधिक धान की मात्रा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल धान के उठाव में तेजी लाने कहा। इस दिशा में डीओ काटने सहित अनुबंधित मिलर्स से पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था कर शीघ्र उठाव करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीदी गई धान के सुरक्षित रख-रखाव हेतु स्टेकिंग करने और तिरपाल से ढंककर रखे जाने कहा। कलेक्टर ने धान खरीदी में छोटे एवं सीमांत ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ पुसपाल धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

## अयोध्या में श्रीरामलला के विराजमान होने पर सक्षम मनाएगा महामहोत्सव सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अयोध्याधाम में 15 से 22 जनवरी तक आयोजित कार्यक्रम व श्रीरामलला के विराजमान होने के उपलक्ष्य में शहर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) द्वारा 22 जनवरी को जहां 1 लाख दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाने की बात कही गई है, वहीं दूसरी ओर 15 जनवरी से रामलला के अयोध्या में विराजमान होने तक कई कार्यक्रम किए जाएंगे।

■ टेकरीवाले शिवमंदिर में हुई बैठक में बनी कार्यक्रम की रूपरेखा

सक्षम अध्यक्ष अविनाश सिंह गौतम ने बताया कि 15 से 22 जनवरी तक अयोध्या धाम में श्रीरामलला के विराजमान होने के उपलक्ष्य में सक्षम मनाएगा महा महोत्सव सप्ताह। कार्यक्रम के आयोजन के लिए टेकरीवाले शिव मंदिर में सक्षम की बैठक में कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई है। अविनाश ने बताया कि 5 सौ वर्षों के लंबे वनवास के बाद मयार्दा ▶▶| शेष पेज 10 पर



### सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ

सक्षम अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 15 जनवरी को होगा, जिसमें सुन्दरकाण्ड का पाठ और प्रसाद वितरण किया जाएगा। वहीं 16 जनवरी को माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता व भजन संध्या का आयोजन किया गया है। वहीं 17 जनवरी को श्लोक व धार्मिक कविता पाठ, 18 जनवरी को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 19 जनवरी को हनुमान चालीसा पाठ स्पर्धा, 20 जनवरी को सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता, 21 व 22 जनवरी को राम लीला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग होगा। वहीं 22 जनवरी को श्रीराम के विराजमान होने पर दीपोत्सव कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें 1 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

## नारायणपुर और कांकेर में सर्वाधिक ठंड, पारा 6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रहा है। बस्तर संभाग के नारायणपुर और कांकेर में सर्वाधिक ठंड रहा। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से जारी बुलेटिन के मुताबिक पिछले 24 घण्टे याने मंगलवार शाम साढ़े 5 बजे से बुधवार सुबह साढ़े 8 बजे के भीतर नारायणपुर का न्यूनतम तापमान 6.8 और कांकेर में 6.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा, जबकि जगदलपुर में पारा 9.7 डिग्री दर्ज किया गया। संभाग के सभी 7 जिलों में कंकपाती ठंड से लोग हलाकान है। खासकर वनाच्छादित ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति काफी प्रतिकूल है। यहां लोग अलाव का सहारा लेकर जैसे-तैसे अपने को ठंड की चपेट से सुरक्षित रहने का जुगाड़ कर रहे है। इधर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक अगले 24 घंटे में प्रदेश में ठंडी और शुष्क हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी रहने की संभावना है, किंतु विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। न्यूनतम तापमान में 21 दिसंबर ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ बस्तर में कंपकंपी ठंड से लोग हलाकान, ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति बिगड़ी

युवाओं ने तख्ती पकड़कर की स्टॉपर हटाने की मांग

## शहीद पार्क चौक के हादसे में युवाओं की मौत के बाद प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के शहीद पार्क चौक में देर रात सड़क हादसे में दो युवाओं की मौत के बाद शहर की यातायात व्यवस्था व जिला प्रशासन व निगम की लापरवाही के चलते जगह जगह गड्ढों में लगे जाली हटाने की मांग शहर के लोगों द्वारा की गई है। बुधवार को घटनास्थल में प्रदर्शन करते हुए हाथों में दुर्घटना से आहत हूं समाधान चाहिए के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया गया।

■ एक दिन पूर्व दो युवाओं की हादसे में हुई थी मौत

गौरतलब है कि शहीद पार्क चौक में जिस ट्रेफिक सिग्नल से कार टकराई थी वह सिग्नल कभी शुरू ही नहीं हो सका इस स्पॉट पर इससे पूर्व भी कई दफे हादसे हो चुके है लेकिन बंद ट्रेफिक सिग्नल के खंबे को हटाने की कवायद अब तक नहीं की गई और न ही सिग्नल को शुरू करने का प्रयास किया गया। इसी ट्रैफिक सिग्नल में तेज रफ्तार कार के टकराने से दो युवाओं की मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शहर के युवाओं की मौत से व्यथित युवाओं ने बुधवार को एक्सीडेंट स्पॉट पर तख्ती लेकर प्रदर्शन किया। हाथों में तख्ती लेकर युवा दुर्घटना से आहत हूं, समाधान चाहिए के नारे लगाते हुए शहीद पार्क तिराहा में बने चबुतरे को तोड़ने तथा ▶▶| शेष पेज 10 पर



### शहर के मुख्य चौराहों में जानलेवा गड्ढे

शहर के चांदनी चौक, पावर हाउस चौक, सर्किट हाउस चौक, संजय बाजार चौक समेत कई मुख्य मार्गों में निगम द्वारा नल खोलने वाल्व लगाया गया है इन गड्ढों में खस्ताहाल जाली लगाया गया है जो दुर्घटना का सबब बन रहा है। इन चौक चौराहों में लगाए गए जाली के चलते दुर्घटनाओं में लगातार ईजाफा हो रहा है, लेकिन प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है।

## चार वार्ड के मरीजों को मिलता था स्वास्थ्य लाभ, असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

# हमर क्लिनिक निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ करने कलेक्टर से मिले पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के स्लम बस्ती में सम्मलित गांधी नगर वार्ड में पूर्ववती कांग्रेस सरकार में हमर क्लिनिक (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का निर्माण अधूरे में रोक दिया गया। जिसे लेकर वार्ड वासियों में चिंता की लकीर देखी जा रही है। निर्माण कार्य बन्द होने से वार्ड पार्षद विक्रम डांगी भी सकते में आ गए। बुधवार को वार्ड पार्षद दर्जनों वार्डवासियों के साथ कलेक्टर से मिलने कलेक्टोरेट पहुंचे। पार्षद ने कलेक्टर को मांग पत्र सौपते आग्रह किया कि गांधी नगर में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गांधीनगर वार्ड समेत 3 अन्य वार्ड सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, गंगानगर वार्ड एवं जवाहर नगर वार्ड के लोगों को उपचार का लाभ मिलता, किन्तु कुछ लोगों द्वारा उस जगह का दुरुपयोग किया जा रहा है। उक्त स्थल असमाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है, जो स्वास्थ्य केंद्र का विरोध कर रहे है। वार्ड पार्षद ने कलेक्टर का ध्यानाकर्षण करते कहा कि वार्ड से सटे तीन अन्य वार्ड स्लम बस्ती में सम्मलित है। जहां स्वास्थ्य केंद्र की नितांत आवश्यकता है। इस विषय को गम्भीरता से ध्यान में रखकर लंबित हमर क्लिनिक (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) का निर्माण कार्य पुनः प्रारम्भ करने का कष्ट करें।

■ आसपास की स्लम बस्तियों के लोगों को स्वास्थ्य केंद्र की आवश्यकता



### 14 दुकानें असामाजिक तत्वों का अड्डा

वार्ड पार्षद के अनुसार 12 वर्ष पूर्व निगम द्वारा निर्मित चौपाटी का निर्माण करवाया गया है। जिसमे 14 दुकान बनाई गई है। इन दुकानों में तब से अब तक असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। इसके चलते दुकाने कोई लेना नहीं चाहते। इसके चलते नगर निगम को पिछले 12 वर्षों से लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसे ध्यान में रखकर उचित कार्रवाई की मांग पार्षद ने कलेक्टर से की।


## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

खबर संक्षेप

### जूडो, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट सिखाया जाएगा छात्राओं को

**कोण्डागांव।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार वर्ष 2023–24 में स्वीकृत जिले की शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रशिकों का चयन किया जा रहा है। इस हेतु जिले की कुल 748 स्वीकृत शालाओं में प्रशिक्षण दिया जाना है। जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्वीकृत 587 शालाओं, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकण्डरी के स्वीकृत 161 शालाओं में प्रशिक्षण दिया जाना है। जूडो, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट की दी जायेगी प्रशिक्षण।

### वेतन का निर्धारण गया किया

कोण्डागांव। श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा मासिक वेतनभोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों हेतु देय महगाई भत्ते में अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक के लिए प्रभावशील मजदूरी दरों की संशोधित न्यूनतम मंहगाई दर में वृद्धि करने के फलस्वरूप कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के लिए अनुसूची 'ग' में दर्शित शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक एवं दैनिक न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता को सम्मिलित करते हुए 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक वेतन का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत उच्च कुशल श्रेणी हेतु मासिक 12 हजार 830 रुपए तथा 428 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। इसी तरह कुशल श्रेणी हेतु 12 हजार 50 रुपए मासिक तथा 402 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन, अर्द्ध कुशल श्रेणी के लिए 11 हजार 270 रुपए मासिक तथा 376 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन, अकुशल श्रेणी हेतु 10 हजार 620 रुपए मासिक एवं 354 दैनिक न्यूनतम वेतन एवं अकुशल कृषि श्रमिक श्रेणी हेतु 8 हजार 540 रुपए मासिक एवं 285 रुपए दैनिक न्यूनतम वेतन निर्धारित किया गया है।

### बनारसी गायकी के संग तबला वादन और कथक नृत्य की होगी प्रस्तुति

**धमतरी।** जिले के संगीत कलाकारों द्वारा आयोजित संगीत यज्ञ की द्वितीय बैठकी 26 दिसंबर मंगलवार को शाम 5 बजे से प्रारंभ होगी। यह बैठकी मशहूर वायलिन वादक, ग़ज़ल गायक, कंपोजर पंडित बसंत तिमोथी को श्रद्धांजलि देने रखी गई है। उनके शिष्य डॉ नमन दत्त साबीर एचओडी इंदिरा कला संगीत विश्वद्यालय खैरागढ़, विश्वजीत चक्रवर्ती रायपुर आज भी अनेक संगीत के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। आज श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार साहू द्वारा यहां के विद्यार्थियों को सिखाया जाता है। यह बैठकी श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी में की जा रही है। बनारसी गायकी के संग तबला वादन और कथक नृत्य की प्रस्तुति होगी।

### छात्रों ने तुमाखुर्द के महापाषाणिक स्मारकों का किया अवलोकन

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विद्यार्थियों ने जिला मुख्यालय धमतरी से लगभग 20 किमी दूर स्थित तुमाखुद (विश्रामपुरी) का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत तुमाखुर्द के महापाषाणिक स्मारकों का अवलोकन किया। वहां के ग्रामीण रामाधार नागवंशी ने बताया कि वहां महानदी के किनारे गुफा थी जिसे केंवटीन गुफा के नाम से जाना जाता था। केंवटीन गुफाओं के पत्थरों को तोड़कर इसका उपयोग गंगरेल बांध के निर्माण में किया गया। बहुत से शिलालेखन जलाशय में डूबा हुआ है। महानदी के मध्य बहुत बड़ा पत्थर था जिसे खुमरी पत्थर के नाम से जाना जाता था। महानदी के किनारे स्थित महापाषाणिक स्मारक बड़ी संख्या में है जिसे राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया जाना चाहिए। पुरातन सांस्कृतिक विरासत दुनिया भर के शोधार्थियों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन सकता है। पर्यटन के रूप में उक्त स्थल को विकसित किया जा सकता है। इन महापाषाणिक स्मारकों का अवलोकन कर विद्यार्थी प्रफुल्लित हुए। इस दौरान इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर समेत प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

---

**अभियान : विकास रथ का गावों में किया गया स्वागत**

# मुलमुला, धनपुर, ईरागांव, तोड़सी, भंडारसिवनी एवं कुल्हाड़ गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव





केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर कोंडागांव जिले में निरंतर जारी है। आज जिले के कोण्डागांव विकासखण्ड के मुलमुला और धनपुर, फरसगांव विकासखण्ड के भण्डरसिवनी और कुल्हाड़गांव तथा केशकाल विकासखण्ड के ईरागांव और तोड़सी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। जहां मुलमुला में ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा से विकासरथ का स्वागत किया तो ईरागांव में महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से रथ का पूजन किया। भण्डरसिवनी में बच्चों द्वारा देश भक्ति नृत्य के प्रदर्शन के साथ स्वास्थ्य शिविर में लोगों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने में उत्साह दिखाया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनों को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। इस अवसर



पर ग्रामों में ग्रामीण सचिवालय का भी आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का साथ विभिन्न विषयों की जानकारी दी गयी। गुरूवार को कोण्डागांव विकासखण्ड के फुकागिरोला, बड़े सिलाटी, फरसगांव विकासखण्ड के जुगानीकलार और सिरपुर तथा केशकाल विकासखण्ड के बड़ेखौली और पड्डे में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन किया जाएगा।

---

## अज्ञात वाहन की ठोकर से सीएएफ के जवान की मौत

*एक युवती हुई घायल एनएच 30 लंजोड़ा के पास हुआ हादसा*



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 लंजोड़ा गांव के पास 20 दिसम्बर बुधवार की तड़के सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में बाइक चालक सीएएफ में पदस्थ जवान की



घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक बाइक में पीछे बैठी युवती गम्भीर रूप घायल हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक की पहचान गुरदीप लंबा के रूप में की जो कांकेर के जंगल वार में सीएएफ के हेड कांस्टेबल के पद में पदस्थ था। वहीं घायल युवती की पहचान कोण्डागांव निवासी 25 वर्षीय पायल कुलदीप के रूप में कई है। यह दोनों बाइक क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 3150 में सवार होकर कांकेर से जगदलपुर की ओर जा रहे थे। घायल युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को सूचित कर थाने में मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की खोजबीन कर रही है।

---

सर्वे दल द्वारा लक्षित जनसंख्या 39473 के विरुद्ध 29500 का हुआ सर्वे

## माकड़ी में घर-घर जाकर किया जा रहा मलेरिया सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 9 वां चरण के अंतर्गत विकासखंड के चिन्हांकित ग्रामों के घर –घर जाकर सभी व्यक्तियों की मलेरिया जांच की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड माकड़ी में स्वास्थ्य विभाग टीम ग्रामीणों का शत प्रतिशत मलेरिया जांच एवं तत्काल उपचार के साथ मलेरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग सर्वे दल द्वारा लक्षित जनसंख्या 39473 के विरुद्ध 29500 का ग्राम स्तर के प्रत्येक घर जाकर मलेरिया टेस्ट कर रही है। वृहद मलेरिया जांच में 3 पॉजिटिव व्यक्ति पाए गए। जिन्हें मौके पर दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। अभियान में यह भी ध्यान रखा जा



रहा है कि पॉजिटिव व्यक्ति का पूर्ण उपचार का सेवन कराया जाए। दवा सेवन पश्चात स्लाइड बनाकर जांच किया जा रहा, जिससे मलेरिया के विभिन्न प्रकार, स्टेज को पहचाना



जा सके। साथ में मरीज को उपचार कार्ड दिया जा रहा है व ग्रामीणों को मच्छरदानी उपयोग, स्त्रोत नियंत्रण, साफ सफाई और स्वास्थ्य शिक्षा दिया जा रहा है।

---

## कोण्डागांव की किरण राठौर बनीं मिसेज दिवा छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ एसएस फाउंडेशन द्वारा दिवा ऑफ छत्तीसगढ़ 2024 ब्यूटी पेजेंट का आयोजन रायपुर के होटल ट्रयटोन में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ से 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड ऐक्ट्रस स्नेहा उल्लाल रायपुर पहुंची। स्नेहा उल्लाल ने सभी प्रतिभागियो को प्रेरक भाषण दिया और सभी को आगे बढ़ने के लिए टिप्स भी दिए। इस कार्यक्रम में दो राउंड्स रखे गये।

- सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड एक्ट्रेस स्नेहा उल्लाल ने की शिकरत

### रखे गये दो राउण्ड अप

पहला छत्तीसगढ़ गेटअप राउंड और दूसरा वेस्टर्न राउंड। पहले राउंड में सभी प्रतिभाओं ने छत्तीसगढी. वेशभूषा को पहनकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे राउंड में गाउन पहकर अपना प्रदर्शन बहुत अच्छे तरीके से दिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, सभी में कुछ ना कुछ हुनर होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी प्रतिभावों को सामने लाते है और उनकी प्रतिभा को सभी के सामने उजागर करके उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

### सफल प्रतिभागी गोवा में करेंगें शिरकत

इस कार्यक्रम में शिखा साहू ने बताया कि अगला कार्यक्रम इंडिया



इंटरनेशनल का आयोजन गोवा में होगा। साथ ही साथ शिखा साहू का पहला एल्बम सांग का भी लॉन्ऋन्चग बॉलीवुड ऐक्ट्रस स्नेहा उल्लाल द्वारा किया गया। गूत्रृमग सिखाने के लिए सार्थक चौधरी, माइक संचालन के लिए अमन साहू कैमरा मैन किशन और समर्थन में लिए होटल के मैनेजर अनशुमन सर और सेलेब्रटी मैनेजर अनुज चुके रहे शिखा साहू ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी की सराहना की।



### मिसेस गोल्ड बनीं कोण्डागांव की किरण

इस कार्यक्रम में विजेता के रूप में किट्स में रिशा, मिस टिन में प्रियेशा, मिस में पूजा, मिसेस (गोल्ड) में किरण, मिसेस (क्लासिक) में ममता, मिसेस (प्लेटिनम) में जागृति रही। फस्ट रनर अप इशिका, अनिशा, अंकिता, रशमि रही। सेकंड रनर अप चंचल, रोश, नैनशि, श्वेता शर्मा रही। इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों के निर्णय के लिए निर्णायक के रूप में झिलमिल बेनजी, आंकाझा ऋ्सह राजपूत, प्राची सोनी, दिपांशी धोष, स्वाति दास, सोनम श्रीवास्तव रही। यह खबर पाकर कोंडागांव नगर वासियों द्वारा खुशी जाहिर कर किरण राठौड़ को बधाई देकर उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---



## क्रिसमस और न्यू इयर को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**फरसगांव।** क्रिसमस पर्व और न्यू ईयर के मद्देनजर 20 दिसम्बर बुधवार को फरसगांव थाना परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुख और व्यापारियों की उपस्तिथि में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में उपस्तिथ लोगों को आगामी क्रिसमस पर्व और न्यू ईयर को उत्साह पूर्वक एवं शान्ति पूर्ण रूप से मनाने अपील किया गया। साथ ही स्थानीय व्यापारियों को अपनी दुकानों के सामने व्यवस्थित ढंग से पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

इस दौरान एसडीएम अनिकेत साहू, एसडीओपी अनिल कुमार विश्वकर्मा, थाना प्रभारी विजय वर्मा, तहसीलदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख व्यापारी गण मौजूद रहे।

---

## रसोई गैस की सब्सिडी के लिए ई-केवायसी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की सब्सिडी प्राप्त करने के लिए अब ई-केवायसी को जरूरी कर दिया है। इसके लिए सभी गैस उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति से संबंधित जानकारी एजेंसी में जाकर ई-केवायसी करवाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा उनकी सब्सिडी बंद हो सकती है। ई-केवायसी का यह काम गैस एजेंसियों में सुबह 10 बजे से 5 बजे तक करवाया जा सकता है। सरकार के निर्देश पर ई-केवायसी आगामी महीने तक जारी रहेगा। इण्डेन गैस के संचालक मोहन अग्रवाल ने बताया कि उनके कार्यालय में ई-केवायसी का कार्य चालू है। अभी तक 500 लोगों का ई-केवायसी हो चुका है जो कुल उपभोक्ताओं का 2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने से कार्य करने में थोड़ी दिक्कत आ रही है। स्पीड कम होने से ज्यादा समय ले रहा है। फिर भी कार्यालय आए लोगों के ई-केवायसी का काम समय पर हो रहा है। एचपी गैस के संचालक हेतल संघवी ने बताया कि उनके कार्यालय में ई-केवायसी का काम ठीक चल रहा है। सर्वर डाउन होने की समस्या फिलहाल नहीं है। गैस संचालक नरेन्द्र साहू ने बताया कि उनके कार्यालय में 1000 लागों का ई-केवायसी हो चुका है जो कुल उपभोक्ता का 8 प्रतिशत है। सर्वर डाउन होने से दिक्कत हो रही है। प्रीतिशा इण्डेन गैस की संचालिका रेखा मंडावी का कहना है कि उनके कार्यालय में ई-केवायसी का कार्य तेज गति से चल रहा है।

---

## 188 बटालियन सीआरपीएफ ने हरवेल एवं खालेमुरवेंड में सिविक एक्शन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

20 दिसम्बर को भारत सरकार, गृह मंत्रलय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम करने निर्देशित किया है, जिसके तहत भवेश चौधरी, कमाण्डेंट 188 बटा. केरिपुबल के निर्देशन में ओमप्रकाश विश्नोई सहा. कमाण्डेंट जी/188 समवाय केरिपुबल के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सालेभाट के अंतर्गत ग्राम हरवेल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसके तहत स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खालेमुरवेंड, प्राथमिक शाला माहुरबेड़ा, प्राथमिक शाला दादरग–सजय़ एवं पूर्व माध्यमिक शाला खालेमुरवेंड के बच्चों को ग्रामीण स्तर पर स्कूल बैग, क्रिकेट किट, वॉलीबाल सेट, फुटबाल, कैरम बोर्ड,चेस बोर्ड और स्पोट्स टी–'उचयशर्ट/हाफ निकर एवं स्पोट्स 'ूज और खालेमुरवेंड के यंग स्टार क्रिकेट क्लब को क्रिकेट किट का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम एवं पंचायत सालेभाट सरपंच समलुराम कुंजाम ने केरिपु बल को सादर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया।

---

## गांवों में लो-वोल्टेज से धड़ाधड़ उड़ रहे मोटरपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंचल के किसान इन दिनों लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि वोल्टेज इतना कम रहता है कि मोटरपंप चालू ही नहीं हो पाता और जिसका मोटर चालू हो गया फिर कुछ घंटों के बाद जलने की बू आती है। जिसे या तो रिपेयरिंग के लिए मिस्त्री को देते हैं या फिर नया पंप डालना पड़ रहा है।

विदित हो कि दिसम्बर-जनवरी में किसान रबी फसल की तैयारी करते हैं। खेतों में नर्सरी तैयार करने के साथ-साथ रोपणी के लिए खेतों में सिंचाई करते हैं। इसके लिए पानी की भरपूर आवश्यकता होती है। बिजली तो 24 घंटे मिल रही है लेकिन लो-वोल्टेज के चलते ठीक से सिंचाई नहीं हो पा रही है। मोटरपंप बंद होने की कगार पर है। कहीं-कहीं तो मोटरपंप जलने की जानकारी मिल रही है। वोल्टेज के अप-डाउन होने से सबमर्सिबल पंप को ज्यादा धक्का लग रहा है। अंचल के गांव परसुली, कलारतराई, खरेंगा, दोनर, देवरी जैसे गांवों में किसान रबी फसल की तैयारी में जुट गए हैं। रबी में धान की फसल लेने से पानी की आवश्यकता अधिक



होती है। मोटरपंप की सुविधा वाले किसान दिसम्बर में ही रबी फसल की तैयारी में जुट गए हैं। कुछ स्थानों पर नर्सरी तैयार होने के बाद रोपाई का काम भी शुरू हो गया है। कृषक शेखन लाल साहू, नारायण साहू, कृपाराम साहू, गोविंद मरकाम, चन्द्रशेखर साहू आदि का कहना है कि धान की फसल के लिए पानी की जरूरत ज्यादा होती है लेकिन लो-वोल्टेज, अप-डाउन वोल्टेज होने से डीओ में शार्ट सर्किट होने की घटनाएं हो रही हैं। कृषक बताते हैं कि पखवाड़े भर के अंदर दो दर्जन से अधिक किसानों का मोटरपंप लो-वोल्टेज के कारण खराब हो गया है। जबकि खेतों में रोपणी का कार्य शुरू हो गया है। इसके लिए पानी की आवश्यकता है। अन्य कृषक गैंदलाल साहू का कहना है कि खेतों में सिंचाई के लिए वह अपने मोटरपंप को आटो मोड में रखकर छोड़ दिया था। कुछ देर के बाद उनका मोटरपंप जल गया जिसे सुधारने के लिए मैकेनिक को दिए हैं। 6 से 8 हजार रूपये का खर्चा बता रहा है। पंप की रिपेयरिंग नहीं होने पर नया सबमर्सिबल पंप लगाना पड़ेगा जिसके लिए 20 से 25 हजार रूपये खर्च करना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि हर साल रबी फसल के मौके पर सिंचाई के लिए कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बिजली कंपनी में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। ट्रांसफार्मर के पास कनेक्शन लेकर मोटरपंप चलाने में कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे लो-वोल्टेज की समस्या आ जाती है। इससे खेतों को पानी कम मिलता है। इस संबंध में विद्युत विभाग के ईई विकेश शर्मा का कहना है कि अंचल में लो-वोल्टेज की समस्या नहीं है और न ही किसानों की ओर से कोई शिकायत आई है। जानकारी के आधार पर गांवों में लाइनमेन भेजकर जानकारी लेंगे।

---

**पेज 9 के शेष**

### धान की गुणवत्ता ....

किसानों को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए छोटे एवं बड़े किसानों के 70-30 अनुपात का अनिवार्य रूप से परिपालन किये जाने के निर्देश दिए। वहीं सम्पूर्ण धान बेचने वाले किसानों का रकबा समर्पण कराये जाने कहा। इस मौके पर अवगत कराया गया कि पुसपाल धान खरीदी केन्द्र में अब तक 201 किसानों से 11143 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी केन्द्र में पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है, और छोटे किसानों का धान पहले खरीदा जा रहा है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, एसडीएम भरत कौशिक सहित धान खरीदी से जुड़े केन्द्र प्रभारी, नोडल अधिकारी आदि मौजूद थे।

### अयोध्या में श्रीरामलला....

पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम अयोध्या धाम वापस लौट रहे हैं। आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम अयोध्या धाम की श्रीराम जन्मभूमि में बन रहे भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। पूरे भारतवर्ष में प्रभु श्रीराम की वापसी का उत्सव मनाया जा रहा है। इसी बीच जगदलपुर में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) 15 से 22 जनवरी तक भव्य महोत्सव मनाएगा। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए श्रीराम की वापसी का महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम माईं दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा।

### नारायणपुर और....

तक बने रहने की संभावना है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने तथा अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा के मुताबिक 22 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्यों को प्रभावित करने की संभावना है, जिसके कारण हवा में नमी की मात्रा बढ़ने की संभावनाएं साथ ही हवा की दिशा में परिवर्तन होने की भी संभावना बनी हुई है। इसके कारण न्यूनतम तापमान में 22 दिसंबर से वृद्धि होने की संभावना बन रही है। प्रदेश में 25 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 23, 24 दिसंबर को हल्के बादल प्रदेश के कुछ जिलों में संभावित है।

### शहीद पार्क चौक .....

स्पॉट ब्रेकर बनाने व जेब्रा क्रासिंग व रेडियम पट्टी लगाने की मांग की है। जिससे दुर्घटना को रोका जा सके। यहां गड्डों को पाटने व चबुतरे के चलते आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने की बजाए स्टॉपर लगाने का युवाओं ने विरोध किया है। युवाओं की मांग है दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्टॉपर लगाने की जगह स्थायी हल निकालने का प्रयास करना चाहिए।

# 250 विद्यार्थियों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल के तत्वाधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा एवं जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर जगदलपुर के सहयोग से बाल ज्योति निःशुल्क नेत्र शिविर विकासखण्ड गीदम में स्थित कन्या माशा में 19 दिसम्बर को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंति वेक अध्यक्ष जनपद पंचायत गीदम व किरण सिंह, पुष्पा कौर ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए आई फ्लू तथा अन्य संक्रमण रोग से बचाव के लिए सुरक्षित रहने की बात बच्चों से कही। आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड किरंदुल सीएसआर मुख्य डॉ. तेज प्रकाश ने आरोग्य बाल ज्योति योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेत्र दृष्टि कमजोर बच्चों को निःशुल्क चश्मा संस्था के द्वारा दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में एपीसी राजेंद्र पांडे, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख रफीक, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम, नेत्र विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र परासर, बीआरपी पूनम जय सिंघानिया, सर्व संकुल समन्वयक, अंबुजुरी विश्वनाथ व शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।

जेके नेत्र हॉस्पिटल रेटीना केयर के मेडिकल टीम के डॉक्टर एवं सदस्यों ने नेत्र परीक्षण किया तथा नेत्र समस्या ग्रस्त बच्चों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की। नेत्र दृष्टि कमजोर 75 बच्चों को चश्मा के लिए चिन्हांकन किया गया। शिविर में 250 विद्यार्थियों का, निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया।

## संयुक्त सचिव व कलेक्टर ने विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में स्टालों का किया निरीक्षण

# सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा





भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के वनांचल ग्रामों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभांवित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में बुधवार को जिले के 6 ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में लोगों के मध्य उत्साह दिखा। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कोर्रा, रामपुरम, पुसपाल, चितलनार, आरगट्टा और मनिकोंटा में किया गया।

इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सुकमा जिले के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त जिला प्रभारी ई. श्रीनिवास संयुक्त सचिव, डीपीआईआईटी शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रचार वैन का स्वागत ग्रामीणों द्वारा उत्साह और आत्मीय व्यवहार और पारंपरिक गेड़ी नृत्य से स्वागत देखकर उनकी प्रशंसा की। संयुक्त सचिव श्रीनिवास ने कहा कि यहां की जनता की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने सभी का उत्साह बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। आमतौर पर लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए कार्यालय तक जाना पड़ता है।

शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार स्वयं आपके द्वार तक पहुंची है तथा इस अवसर का लाभ अधिक से अधिक उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है। जो भारत देश को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गांवों को विकसित बनाने तथा कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसका संयुक्त सचिव श्रीनिवास तथा कलेक्टर हरिस.एस ने निरीक्षण किया और यहां दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। यहां कृषि के साथ ही पशुपालन, केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही चिकित्सा विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा था। प्रधानमन्त्री उज्वलता योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नवीन राशन कार्ड और राशन कार्ड में संशोधन के लिए आवेदन लिया गया। इसके साथ ही मधुमेह, रक्तचाप, एनीमिया, टीबी, सिकलसेल, एनसीडी जांच आदि की जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में रेडी-टू-ईट से निर्मित विभिन्न पकवानों का प्रदर्शन किया गया था। पशुपालन विभाग के स्टॉल में पशुपालन के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने तथा पशुओं के उपचार के लिए औषधि वितरण किया गया। इस अवसर पर यहां उपस्थित ग्रामीणों ने विकसित भारत के निर्माण की शपथ ली।

इसके साथ ही यहां धरती कहे पुकार के नृत्य नाटिका के माध्यम से धरती को जैविक कृषि के माध्यम से उर्वरक बनाने का संदेश दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। इस अवसर पर आयोजित क्वीज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही गांव के भू-अभिलेख के शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण के लिए प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

## दीप प्रज्ज्वलित कर जैतखाम में फहराई सतनाम ध्वज पताका



**गीदम।** गुरु घासीदास की 267वीं जयंती कार्यक्रम गीदम नगर में धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर के कड़तीपारा स्थित सतनाम जयस्तंभ के पास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में रविश सुराना, विशिष्ट अतिथि मुकुत राम आदिले, आरके टंडन, जागेश्वर प्रसाद, एसएन भारद्वाज, डॉ विनय जांगड़े, डॉ रजत रत्नायके, एसपी महिलंगे, नरेंद्र भारती, विजय कुर्रे, एसएन कुर्रे, एस खुटेल, सुधीर बांधे, शैलेश अटामी, दीपक ठाकर उपस्थित थे। सभी अतिथियों के द्वारा पूजा-अर्चना की गई एवं आरती मंगल भजन एवं पन्थी गीत के साथ दीप प्रज्जवलित करने के बाद जैतखाम में सतनाम ध्वज पताका समाजिक जनों के जय घोष के साथ फहराई गई। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने कहा कि संत गुरु घासीदास का जन्म 18 दिसंबर 1756 को हुआ था, उनकी कर्मभूमि रायपुर के निकट गिरौदपुरी धाम रही। गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ था, जब समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच, झूठ, कपट का बोलबाला था। बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता, भाईचारे व समरसता का संदेश दिया। बाबा ने समाज के रूढ़िवादी विचारधारा को बदलने का प्रयास किया व समाज को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बाबा के बताये मार्ग में चलने की शपथ ली। समाज के वक्ताओं ने कहा कि बाबा ने जातिवाद के बंधन को तोड़ कर हर व्यक्ति को एक भाव से देखने की प्रेरणा दी। इस दौरान भोजराम पटेल एवं साथियों ने रंगारंग संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसे सभी लोगों ने जमकर सराहा। कार्यक्रम में जीएस खुटेल, एसएन कुर्रे, ईन्दु रात्रे, उषा निराला, विनय खुंटेल, डॉक्टर प्रमिला कोसरे सहित सैंकड़ों महिला पुरूष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# इंटर डिनॉमिनेशन चर्च ने करवाया कैरोल प्रतियोगिता



**जगदलपुर।** इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फेलोशिप के द्वारा गत दिवस कैरोल प्रतियोगिता करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फेलोशिप के अध्यक्ष पास्टर जीपी पॉल ने की और क्रिसमस के वचन के ऊपर प्रचार रेव.रविंद्र नाथ ने किया। इस प्रोग्राम में लगभग 25 चर्च ने भाग लिया। केरल प्रतियोगिता निर्णायक प्रकाश दीप्ति, मैथ्यू थॉमस और जस्टिन जॉन थे। ग्रुप सॉन्ग का पहला पुरस्कार चंदैया मेमोरियल मैथोडिस्ट चर्च जगदलपुर को मिला। दूसरे स्थान पर रिवाइवल प्रेयर चर्च था। एकल गायन में रिवाइवल प्रेयर सेंटर को पहला पुरस्कार मिला। बेस्ट परफॉर्मेंस टीम का पुरस्कार इशू सत्संग चर्च को दिया गया। इसके अलावा बेस्ट की-बोर्ड प्लेयर, बेस्ट ड्रम प्लेयर, बेस्ट गिटार के लिए भी पुरस्कार दिए गए। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह थी कि 27 दिसंबर को निकलने वाली इंटर डिनॉमिनेशन चर्च फैलोशिप की रैली में यह सारे क्वायर टीम को गायन का मौका दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में रेव मनोज बाग के द्वारा आशीष वचन देकर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास ने उक्त जानकारी दी है।

# लाभान्वित हितग्राहियों ने साझा किये अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का अनवरत संचालन सभी ब्लॉकों के ग्रामों में हो रहा है। इसके अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में हितग्राहियों की बड़ी भीड़ उमड़ रही है। जहां मुख्य रूप से केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन करके उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।

वहीं ग्रामीण इसलिए भी उत्साहित हैं कि उनके घर के समीप ही उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है। इसी क्रम में आज ब्लॉक दन्तेवाड़ा के मटेनार, फुलनार, गीदम ब्लॉक के हाउरनार, जावंगा और कटेकल्याण ब्लॉक के बेंगलूर और मथाड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर आयोजित किये गये। जिसमें हाउरनार ग्राम पंचायत के कार्यक्रम में प्रधान मंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही शांति मण्डावी ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिए पक्का मकान सपने जैसा होता है, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से पक्के मकान का सपना पूरा हुआ और आज हमें इस शिविर के माध्यम से मकान का अभिनंदन पत्र भी जारी हो गया है। ग्राम बालूद के कनक और चितामनी को भी कच्चे घर से निजात मिली। इसी प्रकार शिविर में महेश ठाकुर ने गरीब कल्याण योजना के तहत मिल रहे राशन तथा रजबती ने उज्जवला योजना के तहत मिले गैस सिलेंडर तथा कृषक उमेश ने किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत मिल रही 6 हजार की राशि के लिए प्रधानमंत्री को साधुवाद दिया है।

यह सत्य है कि रोटी, कपड़ा, मकान मानव की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक हैं, इन दूरस्थ ग्रामों में निवासरत ग्रामीणों को उपरोक्त सुविधाओं को मुहैया करना केन्द्र शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और यह कहा जा सकता है कि इन सभी मानकों पर केन्द्र सरकार की योजनाएं खरी उतर रही है।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक

**बीजापुर।** कलेक्टर राजेंद्र कुमार कटारा ने जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की जानकारी लेते हुए सभी ग्राम पंचायत में नियमित कार्यक्रम करने का निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए शिक्षकों को नियमित समय में वेतन देने का निर्देश दिए साथ ही बच्चों का जाति प्रमाण पत्र के फॉर्म भरे जाने की जानकारी ली। जिला अस्पताल बीजापुर, गंगालूर, भैरमगढ़, नेलसनार, कुटरू, भोपालपटनम, मद्देड, आवापल्ली, बासागुड़ा एवं पामेड़ के ग्राम पंचायत में एनआरसी में कुपोषित बच्चों के भोजन की जानकारी लेते हुए एनआरसी को सुचारू रूप से चलाने का निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए मलेरिया मुक्त अभियान पर गावों में मिशन मोड़ में कार्य करने का निर्देश दिए साथ ही मितानिन और नर्स को दवाई बांटने को कहा। आंगनबाड़ी, पोटा केबिन, आश्रमों में पोषण बाड़ी लगाकर बच्चों को पौष्टिक सब्जियां खिलाने के निर्देश दिए।

# शासकीय इंद्रावती मवि में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भोपालपटनम के शासकीय इंद्रावती महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें खेलकूद समेत सांस्कृतिक व बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 20 दिसंबर को समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कंडिक नारायण खंड शिक्षा अधिकारी, एन राजेश प्राचार्य एवं व्याख्याता येट्टी राजना रहे। अतिथियों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी महत्व है। खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्य अतिथि राजेश ने कहा हमें किसी भी मुकाम को हासिल करने के लिए मेहनत करनी चाहिए। सफलता आत्म निर्भरता के साथ कड़ी मेहनत करने से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम अपने मेहनत के बलबूते एक मिसाइल मैन के रूप में विश्व में अपना नाम प्रसिद्ध किए। मुख्य अतिथि राजना ने कहा महाविद्यालय के जो छात्र-छात्राओं ने खेलों में अच्छे प्रदर्शन किए हैं। उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और साथ-साथ अपने छात्र जीवन के अमूल्य समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को सर्वोच्च बनाएं। इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक सुशीला गावड़ी ने किया।

# वार्षिक खेल उत्सव में हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली




केन्द्रीय विद्यालय बचेली में प्राचार्य शेरसिंह राजपूत के नेतृत्व में आज वार्षिक खेल उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलू, कार्यकारी निदेशक एनएमडीसी बैलाडीला लौह अयस्क खदान परियोजना और विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र आचार्य महाप्रबंधक कार्मिक एनएमडीसी एवं सीआरपीएफ नेरली के कमांडिंग ऑफिसर अनिल कुमार प्रसाद उपस्थित थे।

स्काउट्स गाइड्स के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया, जिसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल शेरसिंह राजपूत और हेड मिस्ट्रेस ममता कुमारी ने मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। तत्पश्चात शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदन के विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट किया। जिसके पश्चात छात्रों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़, मेंढक दौड़ और रिले दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने विजेताओं एवं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किये। इसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को खेल भावना और उत्साह से खेलने के लिए प्रेरित किया। विवेक सरकार सहित कई विजेताओं को मुख्य अतिथि बी वेंकटेश्वरलू द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इसके पश्चात विद्यालय के पीटीआई अनूप कुजूर द्वारा विद्यालय की वार्षिक खेल गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी।

### मिठाइयां बांटी

खेल गतिविधियों के समापन के बाद अनूप कुजूर द्वारा विद्यालय के ध्वज को उतारा गया और प्राचार्य शेरसिंह राजपूत ने खेल महोत्सव के समापन की घोषणा की। सभी शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी विद्यार्थियों को मिठाइयां वितरित की गईं।

## संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चे



**बारसूर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के सुदूर गांव मंगनार में 20 दिसंबर से होने वाले दो दिवसीय संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच ईशबती मंडावी ने विधिवत किया। सर्वप्रथम प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए मेंढक दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें सुदराम प्रथम, बिट्टू, दूसरा और तीसरे स्थान पर कनेश रहे। वहीं बालिका वर्ग में अजन्ती विजयी हुई। राजेश्वरी को दूसरा और राजो को तीसरा स्थान मिला। संकुल स्तरीय खेल में दौड़, खो-खो, कबड्डी, व्हालीबाल गोलाफेंक लंबी व ऊंची कूद, तवा फेंक, रिलेरेस सुई धागा, जलेबी और बोरा दौड़ आदि विधा को शामिल किया गया है। खेल प्रभारी थलेश ठाकुर ने बताया कि उक्त सभी खेल प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर खेले जा रहे हैं। अंतर शालेय खेल स्पर्धा में शामिल बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बच्चे खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। 21 दिसम्बर को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। कोशलनार संकुल अंतर्गत आने वाले सभी शैक्षणिक संस्थान के बच्चे खेल में अपना जौहर दिखा रहे हैं।

# दरभा सीईओ का प्रभार केशरीलाल ने संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा



बुधवार को दरभा मुख्य कार्यपालन अधिकारी का के पद पर केशरीलाल फाफा की नियुक्ति के बाद उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। फाफा के नियुक्ति के बाद उन्हें जनपद पचांचत के कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

गौरतलब है कि इससे पूर्व दरभा जनपद पंचायत में मुख्यकार्यपालन अधिकारी के पद पर डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान की पदस्थापना की गई थी। सरकार बदलते ही स्थानांतरण का दौर शुरू हो चुका है। नए सीईओ केशरी लाल फाफा के पद भार ग्रहण करते ही जनपद पंचायत के कर्मचारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनायें दिया। वहीं दरभा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी है। इनसे पहले डिप्टी कलेक्टर सुब्रत प्रधान ने कार्यभार संभाला था जिन्हे एसडीएम के पद पर तोकापाल नियुक्त किया गया है।

दरभा जनपद पंचायत के नवनियुक्त मुख्यकार्य अधिकारी केशरी लाल फाफा ने बुधवार को जनपद पंचायत में अपना पदभार ग्रहण करते ही जनपद के सभी शाखाओं का निरीक्षण कर कर्मचारियों से चर्चा की और उनका परिचय प्राप्त किया। सीईओ का पदभार ग्रहण करने के बाद हरिभूमि से चर्चा में केशरीलाल फाफा ने कहा कि ग्रामीण विकास की योजनाओं को गांव गांव तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओ को त्वरित निदान करना भी उनका लक्ष्य होगा।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST

# सीआरपीएफ ने किया स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा



दक्षिण बस्तर छत्तीसगढ़ में सेवा दे रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ एक ओर नक्सलियों से अंतिम लड़ाई की ओर अग्रसर है, तो वहीं छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के अनेक संवेदनशील क्षेत्र के वनांचल गांवों में अलग-अलग बटालियन के तौर पर अपनी सेवा दे रहे हैं। इसी सेवा के क्रम में सीआरपीएफ द्वारा जहां क्षेत्र वासियों को सुरक्षा प्रदान करते हुए, उन्हें हौसला दे रहे है, वहीं उनके मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी समय-समय पर सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से ग्रामीणों की जरूरतों, स्वास्थ्य सुविधाओं व रहन-सहन पर ध्यान दिया जा रहा है। आज सुकमा जिले के कोण्टा विकास खंड के इंजरम ग्राम पंचायत में मौजूद 50वीं बटालियन के स्वास्थ्य चिकित्सकों द्वारा स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, उन्हें मुफ्त दवाईयां बांटी। अतिसंवेदनशील क्षेत्र से एनएच पट्टी के शैक्षणिक संस्था में अध्ययन करने वाले ग्रामीण बच्चों को बीमारियों से बचने के साथ साफ-सफाई, स्वास्थ्य के प्रति देखभाल को लेकर बच्चों को जागरूक करते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ 50वीं बटालियन के डॉक्टर नितिश कुमार, शिक्षक रघु, सीआरपीएफ के आला अधिकारी तथा संस्था के बच्चे मौजूद थे।

### शपथ पत्र

मैं सुरेश कुमार चंद्रवंशी पिता श्री के.आर. चंद्रवंशी, आयु 56 वर्ष निवासी 37, हाटकचोरा, नियर कोणार्क कोक, अनुकूल देव वार्ड नं. 31, जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Suresh Kumar s/o. Kejuram, R/o.117/k, Somapara, Anukul Dev Ward No. 31, Hatkachora, Jagdalpur, Dist. Bastar (C.G.) अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG1720170001271 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम- Suresh Kumar Chandrawanshi s/o K.R. Chandravanshi, R/o. 37, Hatkachora Near Konark Coke, Anukul Dev Ward No.31, Jagdalpur, Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 949767682726 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम-Suresh Kumar S/o.Kejuram, R/o. 117/K,Somapara, Anukul Dev Ward No. 31, Hatkachora, Jagdalpur, Dist. Bastar (C.G.) के स्थान पर Suresh Kumar Chandravanshi S/o K.R. Chandravanshi, R/o. 37, Hatkachora, Near Konark Coke, Anukul Dev Ward No. 31, Jagdalpur, Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## सर्व नाई सेन समाज के बस्तर संभाग प्रभारी बने रामेश्वर श्रीवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सर्व नाई सेन समाज की बैठक मंगलवार को शहर के कृष्णा मंदिर में संपन्न हुई। आयोजित बैठक में सर्व नाई सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन सहित सचिव भुवनलाल कौशिक कोषाध्यक्ष किशन सेन की मौजूदगी में समाज के नये दायित्वों का विस्तार किया गया।

सर्व नाई सेन समाज के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रुप में अरुण कौशिक, घनश्याम सेन, मुन्नू सेन, पी श्री श्रीवास, तुमेशश्रीवास, एन संपत, प्रकाश सेन की नियुक्ति की गई है। संभाग प्रभारी रामेश्वर श्रीवास को बनाया गया है। इस बैठक में मुख्य रूप से सर्व नाई सेन समाज के बस्तर जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर सहित संभाग के सभी सातों जिलाध्यक्ष उपस्थित थे।

समाज के वरिष्ठ सलाहकार एवं सदस्य राधे श्रीवास, राजू राव, नवनीत सराठे, सियाराम ठाकुर, कृष्ण ठाकुर, गौरी श्रीवास, सरोज श्रीवास, श्रीनू राव मौजूद थे।

## प्रदेश के हजारों किसान धान बेचने से हो रहे वंचित : सुब्रतो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ अधिया या एग्रीमेंट मे धान की फसल करने वाले किसानो का नही हो पाया पंजीयन

पूर्ववर्ती सरकार का उदासीन होना समय पर उचित निर्देश के नही आने के कारण समय पर पंजीयन नही होने के कारण आज ऐसे किसान परेशान है। पंजीयन के लिए सम्बन्धित अधिकारीयो से चर्चा करने पर कहा गया था कि अभी तक अधिया के सम्बन्ध मे कोई निर्देश नही आया, फिर चुनाव में सभी कर्मचारी व्यस्त हो गये।

ऐसे मामले के पंजीयन के लिए पूर्व वर्ष में कोई समय सीमा नही थी,रकबे मे संशोधन धान खरीदी तक हो रहा था। सरकार बदलने के बाद क्या वर्तमान की भाजपा सरकार क्या ऐसे किसान जो धान नही बेच पा रहे हैं उनके धान खरीदी की व्यवस्था के लिऐ उचित कदम उठायेगी।

भाजपा नेता सुब्रतो विश्वास का कहना है कि जिनकी गिरदावरी हुई है,जिन्होने धान का रोपाई किया है उसके धान की खरीदी किसी भी स्थिति मे होना चाहिए। सरकार चाहे तो सब कुछ सम्भव है।

कोई भी अपनी मेहनत, पसीने का सही हक पाने का अधिकार रखता है। उन्होंने कहा वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम जगदलपुर विधायक किरणदेव को पत्र दिया है।

## मरणोपरांत एई राधेश्याम ने 6 लोगों को दिया जीवन दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के कांकेर जिले के पखांजूर में विद्युत कंपनी के सहायक यंत्री राधेश्याम कृपाल का ब्रेन स्टोक से निधन हो गया। उनके निधन होने पर शहर के गीदम रोड स्थित प्रशासनिक भवन परिसर में कंपनी कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर के साथ कंपनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि कर दो मिनट मौन धारण किया। श्री ठाकुर ने बताया कि राधेश्याम ने अपने संपूर्ण जीवन काल में दीन दुखियों एवं जरूरतमंदों की सेवा की। आदिवासी समुदाय को सही राह दिखाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। संघर्ष एवं नेक नियति के पर्याय राधेश्याम के परिजनों ने भी अपने सहृदयता का परिचय देते हुए स्वर्गीय राधेश्याम के महत्वपूर्ण अंगों का दान कर उनके बताए मार्ग पर चलते हुए अनुकरणीय पहल किया है। स्वर्गीय कृपाल की दोनों आंखों की ज्योति मेकाहारा हॉस्पिटल रायपुर, लीवर रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर, दोनों किडनी एम्स हॉस्पिटल रायपुर, हृदय के वाल्व को सत्य साई हॉस्पिटल रायपुर के माध्यम से जरूरतमंदों को दान कर 6 लोगों को जीवन दान दिया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामीण

# 17 ग्राम पंचायतों में पहुंची प्रचार वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले के वनांचल ग्रामों में पहुंचकर लोगों को निरंतर जागरूक कर लाभान्वित किया जा रहा हैं। कलेक्टर विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में बुधवार को जिले के 17 ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के मध्य उत्साह दिखा।

जिले के बकावंड विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेदेवड़ा-1 एवं छोटेदेवड़ा-2 और ढोडरेपाल,बास्तानार ब्लॉक के छोटे किलेपाल, कुम्हार साडरा एवं साडरा बोदेनार,बस्तर ब्लॉक के मुण्डापाल एवं घाट कवाली,जगदलपुर विकासखण्ड के कैकागढ़-2 एवं हाटपदमुर,लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के सुरगुड़ा एवं तोयर, तोकापाल विकासखण्ड के कलेपाल एवं केशलूर और दरभा विकासखण्ड के मावलीपदर-1, टोपर एवं मावलीपदर-2 में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तोकापाल ब्लॉक के कलेपाल ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे और जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित पंचायत पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि यहां के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के साथ ही सभी का उत्साह बढ़ाया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों तक केन्द्र सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य करते हुए सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को पहुंचाने की दिशा में यह कार्य प्रारंभ किया है। इसके तहत सभी पात्र हितग्राहियों को महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों तक यह संकल्प यात्रा जाएगी और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी से अवगत करवाने के साथ ही कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न हो इसके लिए छूटे हुए पात्र जरूरतमंदों को लाभान्वित किये जाने सार्थक प्रयास किया जाएगा।

**ओडीएफ मॉडल प्रमाण पत्र दिया गया**

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान भू-अभिलेख के शत-प्रतिशत डिजिटलीकरण के लिए जिले के अंतर्गत लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के अलनार, साडरा एवं तारागांव, तोकापाल विकासखण्ड के टेकामेटा, भड़ीसगांव, डिमरापाल, बुरूंगपाल नहरमुंडा,बड़ेमारेंगा एवं तेलीमारेंगा, जगदलपुर ब्लॉक के जाटम, तिरिया, गुमलवाड़ा,चितालगुर,कावापाल, कैकागढ़ एवं पुसपाल और बस्तर विकासखण्ड के करमरी, करन्दोला,चोकर, भाटपाल,महुपाल बरई,आड़ावाल एवं परचनपाल को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। वहीं लोहण्डीगुड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अलनार, बस्तर ब्लॉक के करन्दोला, महुपाल बरई एवं परचनपाल को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ मॉडल प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**योजनाओं की जानकारी देने लगाया गया स्टॉल**

इस अवसर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा जनसामान्य को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन हेतु केसीसी बनाने का कार्य किया जा रहा था। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई भी वितरित की गई।

**विकसित भारत के निर्माण की दिलाई शपथ**

सीईओ ने उपस्थित पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप विकसित भारत के निर्माण की शपथ दिलाई। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने एलईडी प्रचार वाहन के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प सन्देश का श्रवण किया। कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी द्वारा प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में जानकारी दी गई। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी-मेरी जुबानी को ग्रामीणों से साझा की।

# अपनी क्रिएटिविटी को पेटेंट के दायरे में लाएं हर काम का डॉक्यूमेंटेशन जरूरी : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के समाज कार्य अध्ययनशाला ने बुधवार को विकसित भारत 2047 के तहत इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य

■ शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विकसित भारत 2047 के तहत इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स विषय पर सेमिनार आयोजित

अतिथि कुलपति प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव थे। मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय काकतीय महाविद्यालय जगदलपुर के विधि संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहन सोलंकी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम संयोजक और विभागाध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की ने कहा कि हर व्यक्ति की बौद्धिक संपत्ति की सुरक्षा जरूरी है। इंटलेक्चुअल राइट्स को युवाओं को समझना होगा। इसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। ज्यादा से ज्यादा पेटेंट होने से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। डॉ. तिर्की ने इनोवेशन और क्रिएटिविटी के साथ ही इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के बारे में विस्तृत जानकारी छात्रों से साझा की।

कुलपति ने छात्रों को देशभर के प्रमुख और चर्चित पेटेंट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपनी क्रिएटिविटी का पेंटेट करवाना जरूरी है। हम जो भी काम करें उसका डॉक्यूमेंटेशन होना चाहिए। आप जो काम कर रहे हैं जो औरों से अलग हैं तो उसका पेटेंट करवा लें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विश्वविद्यालय के डीन स्टेडेंट वेलफेयर डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, एनएसएस के समन्वयक डॉ. डीएल पटेल, अध्ययनशाला से डॉ. तूलिका शर्मा, फुंकेश्वर वैद्य समेत अलग-अलग विभागों के प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. रानी मैथ्यू ने किया।

**इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स क्या है उसे समझ सकें**

प्रोफेसर श्रीवास्तव ने पेटेंट से होने वाले आर्थिक लाभ के बारे में जानकारी दी और कहा कि जब तक आप अपने काम को कमर्शियलाइज नहीं करेंगे, उसका वास्तिक फायदा आपको नहीं मिल पाएगा। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि इस सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य भी यही है कि आप इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स क्या है, उसे समझ सकें और उसके बाद खुद के पेटेंट पर काम कर सकें। अगर इस दिशा में हम पूरी इमानदारी के साथ काम करते हैं तो विकसित भारत 2047 का लक्ष्य जरूर पूरा होगा।

डॉ. सोलंकी ने छात्रों को इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सारगर्भित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति जिस चीज को सृजित करता है उस पर उसका अधिकार हो जाता है। उन्होने कॉपीराइट, ट्रेड मार्क, व्यापार रहस्य, प्राकृतिक न्याय जैसे बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पेंटेंट के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अगर आप पेटेंट को बेहतर तरीके से समझ लेंगे तो आपको भविष्य में व्यक्तिगत लाभ तो होगा ही साथ ही आपके काम का लाभ देश को मिलेगा।



## बस्तर जिला अधिवक्ता संघ में 342 ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में हुआ। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी मतदाता अधिवक्ताओं को मतदान से पहले कक्ष में उनका स्वागत करते दिखे। संघ में पात्र

■ अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महिला, सचिव, ग्रंथपाल व कोषाध्यक्ष के लिए हुआ मतदान

मतदाताओं की संख्या 394 है, जिसमें से 342 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद शाम को मतगणना शुरू हुई। चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महिला, सचिव, ग्रंथपाल व कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। निर्वाचन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अशफाक अहमद खान ने चुनाव संपन्न करवाया, वहीं सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में लीलाधर साहू मौजूद थे। संघ की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए अरूण दास, राकेश दास एवं सपन देवांगन चुनावी मैदान में मौजूद हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अजीम मोहम्मद, नितेंद्र कौशिक, पवन राजपूत, कनिष्ठ उपाध्यक्ष महिला पद के लिए हेलेना गिरधरन, सुकांति पाटले, सचिव पद के लिए लिखेश्वर जोशी एवं अजय श्रीवास्तव, ग्रंथपाल पद के लिए मनबोध राम बघेल, विजय प्रकाश दास और कोषाध्यक्ष पद के लिए दीनबंधु रथ, निर्मल कुमार सोनी के बीच मुकाबला रहा।



## महात्मा गांधी स्कूल में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के गीदम रोड स्थित महात्मा गांधी पूर्व माध्यमिक शाला में बुधवार को स्कूल का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया,

■ स्कूली बच्चों ने दिए सांस्कृतिक प्रस्तुति

जिसमें बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके अन्य प्रतिभा को भी निखारने के उद्देश्य से यहां आयोजन किया गया था। स्कूली बच्चों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस आयोजन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए नृत्य, गायन व कविता पाठ के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। महात्मा गांधी पूर्व माध्यमिक शाला में आयोजित वार्षिक उत्सव का यह आयोजन प्रथम बार किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में स्कूल के प्राचार्य दीपक बाजपेई ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं अन्य प्रतिभाओं को एक मंच देना है।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी एमएस भारद्वाज, उप खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, खंड स्त्रोत समन्वयक गरुड़ प्रसाद मिश्रा, संकुल प्राचार्य सुधा परमार, विकास चंद्राकर के साथ स्कूल के शिक्षक अनुपमा साहा, सावित्री पेगड़, सुमन राठौर, जमुना सेठिया, मनीषा यादव, के. भाग्यलक्ष्मी आदि के साथ बड़ी संख्या में पालक भी शामिल रहे।

## क्रिसमस शांति रैली 26 को

**जगदलपुर।** चन्दैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च के द्वारा इस वर्ष मसीह समाज में प्रेम स्नेह समन्वय बनाते हुए एक विशाल क्रिसमस शांति रैली का आयोजन किया है। यह शांति रैली चंदैया मेमोरियल मेथोडिस्ट एपिस्कोपल लाल चर्च के तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। समस्त मसीह जनों की शांति रैली होगी। इस संबंध में लाल चर्च मसीह समाज के प्रवक्ता रत्नेश बेंजामिन ने बताया कि रैली में शहरी ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी भाग लेंगे। यह रैली 26 दिसंबर को मेथोडिस्ट एपिस्कोपल कन्वेंशन मैदान से दोपहर 1 बजे प्रारंभ होगी और आकाशवाणी के सामने गुरु गोविंद सिंह चौक, पनामा चौक, मिताली चौक, गोल बाजार चौक, स्टेट बैंक चौक, शहीद पार्क, चांदनी चौक, कमिश्नर ऑफिस कार्यालय के सामने से होते हुए मेथोडिस्ट एपिस्कोपल कन्वेंशन मैदान में समाप्त होगी। इस रैली में समस्त लोग क्रिसमस की खुशियों में शरीक होंगे।




